# उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग

संख्याः उ0प्र0वि0नि0आ0 / सचिव / विनियमावली / 05–249

लखनऊ, दिनांक, 7 जून, 2005

## अधिसूचना

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा–181 तथा इस निमित्त समर्थकारी समस्त अन्य उपबंधों द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके और पूर्ववर्ती प्रकाशन के पश्चात् उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग निम्नलिखित नियमावली बनाता है, अर्थातः–

1. **संक्षिप्त नाम और उद्देश्यः–**

(एक) यह विनियमावली उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (मुक्त उपगम हेतु निबन्धन व शर्तें) विनियमावली, 2004 कही जाएगी।

(दो) यह विनियमावली सरकारी गजट में अपने प्रकाशन के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

2. **परिभाषाएः–**

(क) ''अधिनियम'' का तात्पर्य विद्युत अधिनियम, 2003 (अधिनियम संख्या–26, सन् 2003) से है।

(ख) ''आयोग'' का तात्पर्य – उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग से है।

(ग) ''मुक्त उपगम'' (ओपन एक्सेस) का तात्पर्य, इस विनियमावली में विनिर्दिष्ट अधिनियम और विनियमों के उपबंधों के अनुसरण में ऊर्जा उत्पादन में संलग्न किसी लाइसेंसधारी या उपभोक्ता या अन्य व्यक्ति द्वारा पारेषण लाईनों (ट्रांसमिशन लाइनों) या वितरण प्रणाली या ऐसी लाइनों या प्रणाली के साथ जुड़ी हुई सुविधाओं के उपयोग के लिये भेद रहित उपगम (पहुँच) के प्रावधान से है;

(घ) ''नोडल अभिकरण'' का तात्पर्य पारेषण या वितरण प्रणाली हेतु विभेद रहित मुक्त उपगम की व्यवस्था करने के लिये इस विनियमावली में विनिर्दिष्ट नोडल अभिकरण से है;

(पारेषण या वितरण प्रणाली या दोनों में) दीर्घकालिक या अल्पकालिक मुक्त उपगम के लिये क्रमशः राज्य पारेषण सेवा (स्टेट ट्रांसमिशन युटिलिटी) तथा स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर नोडल अभिकरण होंगे।

(ड.) ''मुक्त उपगम उपभोक्ता'' का तात्पर्य राज्य में, विद्युत के पारेषण या व्हीलिंग (चक्रीय गमन/गति) के लिये राज्य में लाइसेंसधारियों की पारेषण प्रणाली और/या वितरण प्रणाली का उपयोग करने वाले या उपयोग करने को इच्छुक व्यक्ति से है।

(च) ''राज्य'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश के राज्य से है;

(छ) ''शब्द'' और ''पद'', जो इस विनियमावली में आये हैं किंतु परिभाषित नहीं किये गये हैं, वही अर्थ होंगे जो उन्हें अधिनियम में समनुदिष्ट किये गए हैं।

## 3. प्रयोज्यता का विस्तारः–

यह विनियमावली, राज्य में लाइसेंसधारियों के राज्य आंतरिक पारेषण प्रणाली और / या वितरण प्रणालियों के उपयोग, जिसमें ऐसी प्रणाली का अंतर्राज्यीय पारेषण प्रणाली के संयोजन में उपयोग किया जाना भी सम्मिलित है, के लिये मुक्त उपगम पर लागू होगी।

## 4. मुक्त उपगम (पहुॅच) की अनुमन्यता के मानदण्डः–

सुसंगत प्रणाली में अतिरिक्त क्षमता, जो कि नोडल अभिकरण द्वारा अधोलिखित रूप से अवधारित की जाएगी, की उपलब्धता, मुक्त उपगम हेतु अनुमन्यता का मानदण्ड होगीः–

(एक) ग्रिड कोड में, पारेषण प्रणाली या वितरण प्रणाली या दोनों के लिये नियत नियोजन–मानदण्ड के अनुसरण में दीर्घ कालिक मुक्त उपगम अनुमन्य किया जाएगा;

नोडल अभिकरण द्वारा, पारेषण प्रणाली के नियोजन के प्रयोजनार्थ और उक्त प्रयोजनार्थ वितरण लाइसेंसी एवं अन्य पारेषण लाइसेंसी और विद्युत उत्पादन कंपनी या किसी अन्य स्रोत, जिनके द्वारा भी नियोजन हेतु ऐसी 'इकाई' स्थापित की जाएगी, से आवश्यक समन्वय के लिये एक 'इकाई' की स्थापना की जाएगी। ये 'इकाईयां' समन्वय कार्य के साथ, दीर्घ कालिक मुक्त उपगम के प्रयोजनार्थ आवश्यक समझी जाने वाली सूचनाएं यथा, अपनी प्रणालियों लाइनों ट्रांसफारमरों की पारेषण क्षमता, कम से कम दो वर्षों के लिये प्रत्येक दिन हेतु प्रत्येक चार घंटे के एक खंड के लिये निकाले गए औसत भार वहन क्षमता, भविष्यकालिक विस्तारण योजनाएं तथा संबंधित संवर्धन क्षमता आदि, स्टेट ट्रांसमिशन युटिलिटी को उपलब्ध करायेंगी। उपर्युक्त सभी सूचनाएं मुक्त उपगम उपभोक्ताओं के लिये वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएंगी। इस प्रकार सृजित इकाईयों को, दो महीनों के भीतर आवश्यक सूचना प्रौद्योगिकी (आई0टी0) समर्थन द्वारा सुसज्जित किया जाएगा। नोडल अभिकरण द्वारा सृजित 'इकाई' भी मुक्त उपगम हेतु आवेदनों के निस्तारण के लिये जिम्मेदार होगी। स्टेट ट्रांसमिशन युटिलिटी तथा वितरण लाइसेंसी ऐसी इकाइयों की स्थापना को व्यापक प्रचार देंगे।

प्रतिबंध यह कि, विद्यमान दीर्घ कालिक मुक्त उपगम उपभोक्ता की कालावधि के समापन के पश्चात् क्षमता की उपलब्धता पर विचार तभी किया जाएगा जब कि अवशिष्ट 12 महीनों से कम हो और उसके नवीकरण के लिये कोई आवेदन प्राप्त न हुआ हो।

(दो) अल्पकालिक मुक्त उपगम की अनुमति दी जा सकती है यदि ऐसे उपगम (पहुॅच) के लिये किये गए निवेदन को निम्नलिखित के आधार पर स्वीकार किया जा सकता हैः–

(क) अंतर्निहित डिजाईन मार्जिन;
(ख) विद्युत बहाव (पावर फ्लो) में फेरबदल के कारण उपलब्ध मार्जिन।
(ग) भावी उत्पादन तथा भार वहन की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिये सृजित पारेषण एवं वितरण प्रणाली में अंतः निर्मित अतिरिक्त क्षमता के कारण उपलब्ध माजिन।

स्टेट ट्रांसमिशन युटिलिटी तथा वितरण लाइसेंसियों और उत्पादन कंपनियों के समन्वय से नोडल अभिकरण अपनी वेब साईट पर मुक्त उपगम के प्रयोजनार्थ आवश्यक समझी जाने वाली सूचनाएं यथा, प्रणाली लाइनों की पारेषण क्षमता, ट्रांसफारमर की पारेषण क्षमता, कम से कम दो वर्षों के लिये प्रत्येक दिन के प्रत्येक चार घंटे के एक खंड के लिये औसत भार वहन क्षमता, भविष्य कालिक विस्तारण योजनाएं तथा संबधित संवर्धन क्षमता आदि उपलब्ध करायेगा। नोडल अभिकरण, मुक्त उपगम हेतु आवेदनों के निस्तारण के लिये जिम्मेदार होगा।

## 5. मुक्त उपगम की पात्रता एवं शर्तेंः–

(एक) इस विनियमावली के उपबंधों के अधीन रहते हुए, अनुज्ञप्तिधारीगण (लाइसेंसी), कैप्टिव उत्पादन (विद्युत जनन) संयंत्र स्थापित करने वाले व्यक्तियों को सम्मिलित करते हुए विद्युत जनन कंपनियां तथा उपभोक्तागण आयोग द्वारा यथा अवधारित पारेषण–प्रभार के भुगतान पर स्टेट ट्रांसमिशन युटिलिटी या किसी पारेषण लाइसेंसी के राज्य आंतरिक पारेषण प्रणाली तक मुक्त उपगम (पहुॅच) के लिये पात्र होंगे।

परन्तु यह कि किसी उपभोक्ता के उपयोग के लिये ऐसा मुक्त उपगम, उसके द्वारा पारेषण प्रभारों भुगतान के अतिरिक्त, विनियम 14(2) तथा 24 के उपबंधों के अनुसार आयोग द्वारा यथा अवधारित अधिभार (सरचार्ज) के भुगतान किये जाने पर उपलब्ध कराया जाएगा। तथापि, कोई आवेदक मुक्त उपगम के संबंध में राज्य सरकार की वर्तमान नीति के अधीन, इस विनियमावली के अधीन पारेषण प्रभार और उस पर अधिभार से संबंधित उपबंधों के अधीन रहते हुए उक्त नीति की कालावधि तक, मुक्त उपगम पाने के लिये हकदार होगा। तथापि ऐसी नीति के समापन के पश्चात् सभी मुक्त उपगम उपभोक्ता इस विनियमावली की शर्तों की अधीनता में होंगे।

(दो) इस विनियमावली के उपबंधों के अधीन रहते हुए अनुज्ञप्तिधारीगण, कैप्टिव उत्पादन संयंत्र स्थापित करने वाले व्यक्तियों को सम्मिलित करते हुए विद्युत जनन कंपनियां तथा उपभोक्तागण, आयोग द्वारा यथा अवधारित व्हीलिंग प्रभार के भुगतान करने पर वितरण लाइसेंसी के वितरण प्रणाली पर मुक्त उपगम पाने के लिये पात्र होंगे।

परन्तु यह कि किसी उपभोक्ता द्वारा उपयोग हेतु ऐसा मुक्त उपगम, व्हीलिंग प्रभार के भुगतान के अतिरिक्त विनियम 14(2), 14(3) तथा 24 के उपबंधों के अनुसरण में आयोग द्वारा यथा अवधारित अधिभार तथा अतिरिक्त अधिभार के भुगतान पर उपलब्ध कराया जाएगा।

परन्तु तथापि, मुक्त उपगम के संबंध में राज्य सरकार की विद्यमान नीति के अधीन कोई आवेदक, इस विनियमावली के अधीन पारेषण प्रभारों और उस पर अधिभार संबंधी उपबंधों के अधीन रहते हुए विद्यमान नीति की अवधि के लिये मुक्त उपगम पाने का हकदार होगा। नीति की समाप्ति के पश्चात् सभी मुक्त उपगम ग्राहक इस विनियमावली की शर्तों के अधीन रहेंगे।

## 6. विद्यमान वितरण अनुज्ञप्तिधारियों के लिये उपबंधः–

(1) इस विनियमावली के प्रवर्तन में आने के दिनांक को किसी विद्यमान अनुबंध या व्यवस्था के अधीन राज्य में पारेषण प्रणाली और वितरण प्रणाली से उपगम (पहुॅच) रखने वाले वितरण अनुज्ञप्तिधारीगण, विद्यमान अनबंध या व्यवस्था की कालावधि के लिये उन्हीं समान निबन्धनों और शर्तों पर आयोग द्वारा यथा अवधारित पारेषण प्रभारों तथा व्हीलिंग प्रभारों के भुगतान करने पर ऐसे पारेषण एवं वितरण प्रणाली से मुक्त उपगम निरंतर पाते रहने के लिये हकदार होंगे।

(2) इस विनियमावली के प्रवर्तन में आने के दिनांक से 60 दिनों के भीतर, विद्यमान अनुज्ञप्तिधारगणों द्वारा पारेषण प्रणाली और / या वितरण प्रणाली के उपयोग हेतु किये गए अपने अनुबंधों तथा ऐसे उपयोगार्थ निबंधान और शर्तों के विवरणों को स्टेट ट्रांसमिशन युटिलिटी तथा स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर को प्रस्तुत करेंगे।

## 7. विद्युत उत्पादन कंपनियों के लिये प्रावधान / उपबंधः–

(1) इस विनियमावली के प्रवर्तन में आने के दिनांक को विद्यमान अनुबंध या व्यवस्था के अधीन उपगम (पहुॅच) रखने वाले अनुज्ञप्तिधारीगणों से भिन्न वर्तमान विद्युत उत्पादन कंपनियां इस विनियमावली के प्रवर्तन में आने से 60 दिनों के भीतर स्टेट ट्रांसमिशन युटिलिटी तथा स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर को, क्षमता, इंजेक्शन का बिन्दु, आहरण का बिन्दु, अवधि, चरम भार (पीक लोड), औसत भार या ऐसी अन्य सूचना जो स्टेट ट्रांसमिशन युटिलिटी या स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर द्वारा अपेक्षा की जाय, प्रस्तुत करेंगी।

(2) उप खंड (1) के अधीन विद्यमान विद्युत उत्पादन कंपनियां इस विनियमावली में अधिकथित निबंधनों और शर्तों पर मुक्त उपगम प्राप्त करती रह सकती हैं।

## 8. मुक्त उपगम उपभोक्ताओं का वर्गीकरणः–

विनियम 6 तथा 7 के उपबंधों के अधीन रहते हुए मुक्त उपगम उपभोक्ताओं को निम्नलिखित श्रेणियों में बांटा जा सकता हैः–

(एक) कोई मुक्त उपगम उपभोक्ता जो पांच वर्ष या अधिक की अवधि के लिये अंतः राज्यीय मुक्त उपगम प्राप्त कर रहा हो या प्राप्त करने का इच्छुक हो, दीर्घ कालिक अंतः राज्यीय मुक्त उपगम उपभोक्ता होगा।

(दो) अल्प कालिक ग्राहक :– कोई मुक्त उपगम ग्राहक जो एक वर्ष या उससे कम और न्यूनतम एक दिन तक के लिये अन्तःराज्यीय मुक्त उपगम प्राप्त कर रहा हो या प्राप्त करने के इच्छुक हो, अल्प कालिक अंतःराज्यीय मुक्त उपगम ग्राहक कहलाऐगा।

9. <u>आवंटन–प्राथमिकता</u>:–

(1) ग्राहकों को मुक्त उपगम की अनुमति के लिये प्राथमिकता का विनिश्चय निम्नलिखित मानदण्ड पर किया जाएगाः–

(क) वर्तमान वितरण लाइसेंसी वर्तमान (विद्युत) जनन कंपनी तथा कैप्टिव पावर संयंत्रों को मुक्त उपगम की क्षमता की अनुमति देने में सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी;

(ख) वितरण लाइसेंसियों को अन्य ग्राहकों की अपेक्षा प्राथमिकता दी जाएगी ;

(ग) दीर्घ कालिक मुक्त उपगम ग्राहकों को अल्प कालिक मुक्त उपगम ग्राहकों की अपेक्षा प्राथमिकता दी जाएगी किन्तु 9(क) एवं 9(ख) के अधीन आच्छादित लोगों के पश्चात्;

(घ) विद्यमान दीर्घकालिक मुक्त उपगम ग्राहक को अपनी अपनी श्रेणी के अधीन नए मुक्त उपगम ग्राहकों की अपेक्षा प्राथमिकता दी जाएगी, प्रतिबंध यह कि उसने मुक्त उपगम को वर्तमान अवधि के समापन से 12 माह पूर्व ही उसके नवीनीकरण हेतु आवेदन किया हो।

(ड.) दीर्घ कालिक मुक्त उपगम के लिये किसी माह के भीतर प्राप्त सभी आवेदनों को उस माह के अंत में प्रसंस्करण के लिये विचारित किया जाएगा। ऊपर के खंड (क) से (घ) के अधीन रहते हुए, दीर्घ कालिक एंव अल्प कालिक दोनों के लिये मुक्त उपगम की अनुमति का विनिश्चय प्रथम आगत–प्रथम स्वागत के आधार पर लिया जाएगा।

प्रतिबंध यह कि दीर्घ कालिक एवं अल्प कालिक मुक्त उपगम हेतु आवेदन उस अवधि के पूर्ववर्ती माह तक दाखिल कर दिये गए हों जिस अवधि में विनियम 11(5) एव 12(5) के अधीन ऐसे आवेदनों का निस्तारण किया जाना है। तथापि, विनियम 12(5) के अधीन विनिर्दिष्ट अवधि हेतु अल्प कालिक मुक्त उपगम के मामले में

माह के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों को बराबर से माना जाएगा और उसी समय के भीतर प्रसंस्कृत किया जाएगा।

परन्तु अग्रतर यह कि एक दिन तक के लिये मुक्त उपगम हेतु आवेदन 24 घंटे पहले ही दाखिल किया जाएगा और प्रथम–आगत प्रथम स्वागत के आधार पर उसका निर्णय किया जाएगा।

(2) अल्पावधिक उपगम के मामले में, यदि ग्राहकों द्वारा आरक्षण हेतु चाही गई क्षमता, उस समय पर की उपलब्ध क्षमता से अधिक है तो निम्नलिखित प्रक्रिया अपनायी जाएगीः–

(क) स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर, फैक्स / ई–मेल के माध्यम से आशु बोलियां (स्नैप बिड्स) आमंत्रित करेगा;

(ख) बोलियों के लिये आरंभिक कीमत (न्यूनतम कीमत) वह कीमत होगी जो विनियम 15(1) तथा 9(3) के अधीन अवधारित की जाएगी;

(ग) बोली लगाने वाले, आरंभिक कीमत के ऊपर प्रतिशत बिन्दुओं के रूप में अपनी कीमत उद्घृत करेंगें;

(घ) क्षमता का आरक्षण उद्घृत की गई कीमत के घटते क्रम में किया जाएगा;

(ड.) कीमत के बराबर बराबर होने की दशा में यदि अपेक्षित हो तो यथा अपेक्षित क्षमता के अनुपाती रूप से क्षमता का आरक्षण किया जा सकता है;

(च) किसी ग्राहकको उसके द्वारा चाही गई क्षमता से कम क्षमता का आरक्षण प्राप्त होने पर, उसके द्वारा उद्घृत प्रभारों (चार्जेस) का भुगतान करना होगा, और जिन ग्राहकों को उनके द्वारा चाही गई क्षमता के अनुरूप आरक्षण मिलता है, के ग्राहक क्षमता का आरक्षण पाने वाले अंतिम ग्राहक द्वारा उद्घृत प्रभारों के अनुसार भुगतान करेंगें;

(3) स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर, बोली लगाने की विस्तृत प्रक्रिया को सम्मिलित करते हुए अल्प कालिक ग्राहकों को क्षमता का आरक्षण के लिये एक विस्तृत प्रक्रिया 60 दिनों के भीतर तैयार करेगा।

10. **<u>नोडल अभिकरण</u>**:–

(1) सभी मामलों में दीर्घ कालिक मुक्त उपगम की व्यवस्था करने के लिये स्टेट ट्रांसमिशन युटिलिटी, नोडल अभिकरण होगा चाहे उसकी प्रणाली का उपयोग हो या न हो, और उस प्रयोजनार्थ कोई विवरण लाइसेंसी और / या पारेषण लाइसेंसी जिसकी प्रणाली ऐसे दीर्घ कालिक मुक्त उपगम के साथ सम्बद्ध हो जाती है वह

एस0टी0यू0 के साथ समन्वय (ताल मेल) बैठाने के लिए जिम्मेदार होगा और वह समस्त ऐसी सूचनायें उपलब्ध करायेगा जो मुक्त उपगम दिये जाने हेतु निर्णय लेने के लिए आवश्यक हो।

(2) इसी प्रकार, अल्प कालिक मुक्त उपगम के लिए स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर, नोडल अभिकरण होगा और ऐसे मामलों में यथास्थिति, एस0टी0यू0 और / या पारेषण लाइसेंसी और / या संबंधित वितरण लाइसेंसी एस0एल0डी0सी0 से समन्वय करने के लिये उत्तरदायी होगा और मुक्त उपगम कराने हेतु निर्णय लेने के लिये आवश्यक सभी सुसंगत सूचनायें उपलब्ध करायेगा।

11. <u>दीर्घ कालिक मुक्त उपगम ग्राहक हेतु प्रक्रिया</u>:–

(1) कोई दीर्घ कालिक मुक्त उपगम ऐसे विवरणों के साथ नोडल अभिकरण को आवेदन देगा, जैसे कि अपेक्षित क्षमता, नियोजित उत्पादन, या ऊर्जा क्रय संविदा, इन्जेक्शन का बिन्दु, आहरण का बिन्दु, मुक्त उपगम की अवधि, चरम भार (पीक लोड), औसत भार तथा कोई अन्य अतिरिक्त सूचना जो नोडल अभिकरण द्वारा मांगी जाय।

(2) कोई उपभोक्ता उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (कारोबार का संचालन) विनियमावली के अधीन विहित प्रक्रिया के अनुसार मुक्त उपगम प्राप्त करने की इच्छा के साथ आयोग के पास जा सकता है यदि मुक्त उपगम के लिए प्रभार अवधारित न किया गया हो या नोडल अभिकरण के साथ कोई विवाद हो, और वह अपने आवेदन की एक प्रति उस वितरण लाइसेंसी को जो उसे विद्युत की आपूर्ति कर रहा है तथा स्टेट ट्रांसमिशन युटिलिटी को भी उपलब्ध करायेगा;

(3) इस विनियमावली के निर्गत होने के 90 दिन के भीतर सुसंगत नोडल अभिकरण द्वारा दीर्घ कालिक तथा अल्प कालिक दोनों के लिए दिशा–निर्देश, प्रक्रियाएं तथा मुक्त उपगम प्राप्ति हेतु आवेदन करने के लिए आवेदन प्रपत्र विहित किया जाएगा;

(4) आवदेन पत्र के साथ, नोडल अभिकरण द्वारा दिये गए दिशा निर्देशों में अधिकथित के नाम से देय और रीति में रूपये 50,000/– से 1 लाख की, या जैसा आयोग द्वारा समय समय पर अवधारित की जाय, अप्रतिदेय फीस भी लगायी जाएगी;

(5) नोडल अभिकरण, स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर, पारेषण तथा वितरण लाइसेंसियों के परामर्श से और संबंधित लाइसेंसियों द्वारा प्रणाली–अध्ययन (सिस्टम–स्टडीज़) कर या अन्यथा रूप से उपलब्ध क्षमता का निर्धारण करेगा और आवेदन प्राप्त होने के 60 दिनों के भीतर आवेदक को निर्णय संसूचित करेगा ;

(6) यदि नोडल अभिकरण की राय में, दीर्घ कालिक उपगम उपलब्ध कराने के पूर्व प्रणाली का अग्रतर सुदृढ़ीकरण आवश्यक हो तो आवेदक, लागत प्राक्कलन तथा प्रणाली सुदृढ़ीकरण के लिए समापन अनुसूची (कम्पलीशन शिड्यूल) के प्रयोजनार्थ प्रणाली अध्ययन एवं प्राथमिक अन्वेषण कराने के लिये नोडल अभिकरण से निवेदन कर सकता है ;

(7) नोडल अभिकरण उप विनियम (6) के अधीन आवेदक से अनुरोध की प्राप्ति पर तत्काल अध्ययन करायेगा और आवेदक से अनुरोध की प्राप्ति के 90 दिनों के भीतर अध्ययन के परिणामों को सूचित करेगा।

(8) नोडल अभिकरण द्वारा प्रणाली के सुदृढ़ीकरण हेतु अध्ययन में उपगत वास्तविक व्यय, जो एक लाख तक सीमित होगा या जैसा आयोग द्वारा समय समय अवधारित किया जाय, की प्रतिपूर्ति आवेदक द्वारा भी की जायेगी।

12. <u>अल्पकालिक मुक्त उपगम ग्राहक के लिये प्रक्रिया</u>:–

(1) कोई अल्पकालिक अंतःराज्यीय मुक्त उपगम ग्राहक मुक्त उपगम पाने के लिये नोडल अभिकरण को एक आवेदन प्रस्तुत करेगा;

(2) कोई उपभोक्ता अपने आवेदन की एक प्रति स्टेट ट्रांसमिशन युटिलिटी एव उस वितरण लाइसेंसी को भी प्रस्तुत करेगा जा उसे विद्युत आपूर्ति कर रहा है;

(3) आवेदन में, अपेक्षित क्षमता, इन्जेक्शन का बिन्दु, आहरण का बिन्दु, मुक्त उपगम पाने की अवधि, चरम भार, औसत भार और ऐसी अन्य सूचना जो नोडल अभिकरण द्वारा विनियम–11 के अधीन जारी दिशा निर्देशों में अधिकथित व्यवस्था के विवरण आवेदन में प्रस्तुत किये जाएंगे।

(4) नोडल अभिकरण द्वारा दिये गए दिशा निर्देशों अधिकथित के नाम में और रीति में देय 5000/– रूपये की या आयोग द्वारा समय समय पर यथा अवधारित धनराशि की अप्रति देय फीस भी आवेदन के साथ संलग्न की जाएगी।

(5) स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर, यथास्थिति स्टेट ट्रांसमिशन युटिलिटी या वितरण लाइसेंसी के परामर्श से निम्नलिखित अनुसूची पर आधारित रूप से आवेदन पत्रों पर निर्णय लेगा;

| क्रम संख्या | संविदा की अवधि | अधिकतम प्रसंसकरण समय (जमा करने के कैलेन्डर माह के अंत से) |
|---|---|---|
| 1 | एक दिन तक | 12 घंटे |
| 2 | एक सप्ताह तक | तीन दिन |
| 3 | एक माह तक | सात दिन |
| 4 | छ माह से एक साल तक | पन्द्रह दिन |

(6) आरक्षित क्षमता का किसी अल्प कालिक ग्राहक से किसी अन्य ग्राहक को अंतरण नहीं किया जाएगा।

13. <u>मुक्त उपगम अनुबंधः–</u>

(1) कोई मुक्त उपगम ग्राहक, यथास्थिति, पारेषण एवं वितरण लाइसेंसी, विद्युत उत्पादकों, व्यापारियों और अन्य से उनके पारेषण और वितरण प्रणालियों के उपयोगार्थ व्यावसायिक अनुबन्ध कर सकेगा ;

(2) अनुबन्ध में अन्य बातों के साथ में, अनुबन्ध के समय पूर्व समापन तथा संविदाकार पक्षकारों पर उपजे परिणामों की भी व्यवस्था की जाएगी ;

(3) अनुबंध कर लिये जाने तथा स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर को उसकी प्रतियां प्रस्तुत कर दिये जाने के पश्चात् स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर द्वारा मुक्त उपगम ग्राहक को ऐसे उपगम की उपलब्धता का दिनांक सूचित किया जाएगा जो कि अनुबंध के प्रस्तुत किये जाने के दिनांक से 7 दिनों के बाद का नहीं होगा।

14. <u>मुक्त उपगम क्षमता का उपयोग न होनाः–</u>

(1) यदि कोई मुक्त उपगम ग्राहक अपने को आवंटित क्षमता का पूर्णतया या मौलिक भाग का उपभोग नहीं कर पाता है तो वह स्टेट ट्रांसमिशन युटिलिटी तथा स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर को, उपभोग कर पाने में अपनी असमर्थता के कारणों को बताते हुए सूचित करेगा और 30 दिनों की सूचना देकर उसको आवंटित क्षमता को समर्पित कर सकता है ;

(2) स्टेट ट्रांसमिशन युटिलिटी, स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर को सूचना देते हुए किसी मुक्त उपगम ग्राहक को आवंटित क्षमता को घटा सकता है या रद्द कर सकता है यदि ऐसा ग्राहक उसको आवंटित क्षमता का बार बार अपेक्षा से कम उपयोग कर रहा हो ; और

(3) अल्प कालिक ग्राहक के लिये कोई मुक्त उपगम ग्राहक जिसकी क्षमता को उप खंड (1) के अधीन घटाया या रद्द कर दिया गया हो वह अपने संविदाधीन दायित्वों का निर्वहन करने के साथ साथ आवंटन की शेष अवधि हेतु अवशिष्ट मुक्त उपगम क्षमता पर देय समस्त लागू प्रभारों के साथ, मूल आवंटन की शेष अधि के लिये घटी हुई क्षमता पर देय लागू प्रभारों के 50 प्रतिशत का भुगतान करेगा।

(4) अल्प कालिक ग्राहकों के लिये, काई मुक्त उपगम ग्राहक जिसकी क्षमता को उपखंड (2) के अधीन घटाया या रद्द किया गया है, वह अपने संविदा अधीन दायित्वों के निर्वहन के साथ में मूल आवंटन की शेष अवधि हेतु पूर्ण मुक्त उपगम क्षमता पर देय समस्त लागू प्रभारों का भुगतान करेगा।

(5) दीर्घ कालिक ग्राहकों के लिये, किसी प्रतिसंहरण / घटाये जाने / रद्दकरण के लिये देय प्रतिपूर्ति ऐसी होगी जैसी आयोग द्वारा अवधारित की जाय।

(6) स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर, किसी आरक्षित क्षमता के समर्पण या घटाये जाने या रद्द किये जाने के परिणामस्वरूप उपलब्ध पारेषण या वितरण प्रणाली क्षमता को इस विनियमावली के अनुसार किसी अन्य अल्प कालिक मुक्त उपगम ग्राहक को आवंटित कर सकता है।

(7) कोई दीर्घ कालिक ग्राहक, आयोग की पूर्वानुमति के बिना अनुबंध में विनिर्दिष्ट अपने अधिकारों और दायित्वों का परित्याग या अंतरण नहीं करेगा;

परन्तु यह कि, किसी दीर्घ कालिक ग्राहक द्वारा अपने अधिकारों या दायित्वों का परित्याग या अंतरण, आयोग द्वारा यथा अवधारित प्रतिपूर्ति के भुगतान के अधीन रहते हुए होगा।

(8) स्टेट ट्रांसमिशन युटिलिटी इस अधिसूचना (के प्रख्यापन) से 90 दिनों के भीतर एल0एल0डी0सी0 के परामर्श से दिशा निर्देश तैयार करेगा और उसे अनुमोदन हेतु आयोग को प्रस्तुत करेगा।

15. <u>मुक्त उपगम के लिये प्रभार</u>:–

(1) <u>पारेषण प्रभार एवं व्हीलिंग प्रभार</u>:–

किसी पारेषण लाइसेंसी की पारेषण प्रणाली या वितरण लाइसेंसी की वितरण प्रणाली के उपयोगार्थ पारेषण प्रभारों या व्हीलिंग प्रभारों का विनियमन निम्नलिखित रूप से किया जाएगाः–

(क) किसी मुक्त उपगम ग्राहक द्वारा संदेय पारेषण प्रभारों या व्हीलिंग प्रभारों का अवधारण, आयोग द्वारा क्रमशः पारेषण एवं वितरण लाइसेंसी के लिये टैरिफ के अवधारणार्थ आयोग द्वारा बनाये गए विनियमों की शर्तों के अनुसार किया जाएगा।

(ख) मुक्त के उपयोगार्थ जहां किसी समर्पित पारेषण प्रणाली या वितरण प्रणाली का निर्माण अनन्य रूप से किसी मुक्त उपगम ग्राहक के लिये किया गया हो, वहां ऐसे समर्पित प्रणाली के लिये पारेषण प्रभार या व्हीलिंग प्रभार को टैरिफ के अवधारणार्थ विनियमों की शर्तों के अनुसार तय किया (वर्क आउट) जाएगा और ऐसे मुक्त उपगम उपभोक्ता द्वारा उसे पूर्णतया ऐसे समय तक वहन किया जाएगा जब तक कि अतिरिक्त क्षमता का उपयोग अन्य व्यक्तियों या प्रयोजनों के लिये किया जाय।

(ग) किसी मुक्त उपगम ग्राहक द्वारा अंतःराज्यीय पारेषण प्रणाली या वितरण प्रणाली का उपयोग अंतर्राज्यीय पारेषण प्रणाली के अतिरिक्त किया जाता है तो अंतर्राज्यीय पारेषण हेतु पारेषण प्रभारों के भुगतान के साथ अंतःराज्यीय पारेषण और / या वितरण प्रणाली के उपयोगार्थ पारेषण प्रभार एवं व्हीलिंग प्रभारों का भुगतान किया जाएगा।

(घ) अल्प कालिक मुक्त उपगम ग्राहक को आयोग द्वारा उस वर्ष के लिये ऐसी प्रणाली द्वारा प्रदत्त औसत क्षमता पर आधारित रूप से यथा अवधारित वार्षिक पारेषण या व्हीलिंग प्रभारों के 25 प्रतिशत का भुगतान करना होगा। पारेषण प्रणाली हेतु औसत क्षमता, पारेषण क्षमता से सम्बद्ध उत्पादन क्षमता तथा लाइसेंसी की प्रणाली द्वारा संभाले गए अन्य कारोबारों की संविदाकृत क्षमताओं का योग होगा, जबकि वितरण प्रणाली के संबंध में यह वितरण लाइसेंसी और कैप्टिव पावर संयंत्रों से उत्पादन, सह उत्पादन संयंत्र तथा ऐसे संयंत्र जो ऐसे लाइसेंसी के क्षेत्र में स्थित ऊर्जा के नवीकरण योग्य स्रोतों से विद्युत जनित कर रहे हैं, की विद्युत चहारदीवारी (इलेक्ट्रानिक बाउन्ड्री) पर ऊर्जा के विनिमय के प्रत्येक अंतरा–फलकीय (इंटरफेस) बिन्दु पर विद्युत (पावर) के आयात का योग होगी।

परन्तु यह कि उक्त प्रभार एक दिन के आधार पर होंगे जो कि पारेषण / वितरण लाइसेंसी द्वारा रूपये प्रति मेगावाट में घोषित किया जाएगा और जो कि एक वर्ष की अवधि के लिये नियत बना रहेगा।

अग्रतर प्रतिबंध यह कि जब किसी क्षमता का आरक्षण बोली लगाये जाने के बाद किया गया हो तो बोली द्वारा यथा विनिश्चित रूप से दर निकाली जाएगी।

(ड.) अल्प कालिक ग्राहकों से इस प्रकार से संगृहीत प्रभारों का 25 प्रतिशत पारेषण या वितरण लाइसेंसी द्वारा रोक लिया जाएगा और शेष 75 प्रतिशत भाग पारेषण / वितरण लाइसेंसी के पारेषण में कमी करने व्हीलिंग प्रभारों के प्रति समायोजित किया जा सकता है जो कि दीर्घ कालिक ग्राहकों और / या वितरण लाइसेंसी के उपभोक्ताओं के फुटकर टैरिफ के प्रति प्रभार्य हो।

(2) <u>अधिभार</u>:–

(क) पारेषण प्रभार और व्हीलिंग प्रभार के अतिरिक्त कोई उपभोक्ता जो कैप्टिव उपभोक्ता नहीं है पारेषण प्रणाली / वितरण प्रणाली से प्राप्त मुक्त उपगम के लिए अधिभार का भुगतान करेगा।

(ख) आयोग द्वारा ऐसा अधिभार संबंधित टैरिफ आदेश में अलग से अवधारित किया जाएगा। ऐसे अवधारण के अभाव में अलग–अलग मामलों के लिए इस निमित्त दिये गऐ आवेदन के आधार पर विनिर्दिष्ट अवधि के लिए अधिभार को आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाएगा,

परन्तु यह कि आवेदक को ऊपर विनियम 15(2)(ख) के अधीन विनिर्दिष्ट अवधि के समापन के बाद इस विनियमावली के अनुसाथ यथा अवधारित अधिभार के भुगतान करना होगा।

(ग) अधिभार की धनराशि की गणना इस प्रकार की जाएगी कि उस श्रेणी के उपभोक्ताओं से क्रास सब्सिडी के चालू स्तर को पूरा किया जा सके और उसे प्रदाय के उस क्षेत्र के वितरण लाइसेंसी को भुगतान कर दिया जाएगा जहां उपभोक्ता स्थित है।

(घ) पारेषण / वितरण लाइसेंसियों के टैरिफ के निबन्धनों और शर्तों के अनुसार परस्पर सहायता / अनुदान (क्रास सब्सीडीज़) के समापन और घटाये जाने के संबंध में आयोग द्वारा यथा अवधारित रीति में अधिभार को घटाया या समाप्त किया जाएगा।

(ड.) जो उपभोक्ता अंतर्राज्यीय पारेषण प्रणाली अनन्य रूप से प्राप्त कर रहे हैं वे अधिभार की ऐसी धनराशि जो आयोग द्वारा इस संबंध में विनियमावली के माध्यम से अवधारित की जाय।

(3)

(क) कोई उपभोक्ता जो मुक्त उपगम प्राप्त है और अपने आपूर्ति क्षेत्र के वितरण लाइसेंसी से भिन्न किसी व्यक्ति से विद्युत की आपूर्ति प्राप्त कर रहा है वह व्हीलिंग प्रभारों तथा अधिभार के अतिरिक्त, वितरण लाइसेंसी को एक अतिरिक्त अधिभार का भी भुगतान करेगा जिससे कि अधिनियम की धारा 42 की उप धारा(4) में यथा उपबंधित रूप में विद्युत प्रदाय के अपने दायित्व के कारण ऐसे वितरण लाइसेंसी की स्थिर लागत को पूरा किया जा सके।

(ख) वितरण लाइसेंसी आयोग को अपनी स्थिर लागत का एक लेखा प्रस्तुत करेगा जो कि वह प्रदाय के अपने दायित्व के कारण से उपगत (वहन) कर रहा हो;

(ग) आयोग, लाइेसेंसियों द्वारा प्रस्तुत किये गए ऐसे लेखे के ब्यौरे तथा आपत्तियां, यदि कोई, की संवीक्षा करेगा और उपभोक्ता द्वारा लाइसेंसी को देय अतिरिक्त अधिभार की धनराशि का अवधारण करेगा;

(घ) ऐसा अतिरिक्त अधिभार, आयोग द्वारा यथा अवधारित अवधि के लिये उद्गृहणीय होगा।

16. <u>मीटरिंग</u>:–

(1) मुक्त उपगम ग्राहक द्वारा इन्जेक्शन के बिन्दु और आहरण के बिन्दु पर उपलब्धता आधारित टैरिफ से सुसंगत विशेष ऊर्जा मीटर उपलब्ध कराये जाएंगे ;

(2) मुक्त उपगम उपभोक्ता ऐसे मेन मीटर तथा चेक मीटर उपलब्ध करायेगा जो ऐसे ग्राहकों हेतु, वोल्टेज प्रदाय का बिन्दु तथा अवधि और टैरिफ श्रेणी के आधार पर या, यथास्थिति उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कोड और वितरण लाइसेंसियों के मीटरिंग कोड में यथा समाविष्ट के आधार पर स्टेट ट्रांसमिशन युटिलिटी द्वारा विनिर्दिष्ट किये जायं।

(3) किसी मुक्त उपगम उपभोक्ता को आपूर्ति करने हेतु संविदा करने वाली (विद्युत) उत्पादन कंपनी या लाइसेंसी यदि कोई हो, द्वारा अंतः संयोजन बिन्दुओं या मीटरिंग कोड में यथा विनिर्दिष्ट जगहों पर मेन मीटर और चेक मीटर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। अंतर्राज्यीय पारेषण के मामले में वह नार्दन रीजनल लोड डिस्पैच सेन्टर के साथ संसूचना सुविधा स्थापित करेगी और उसके द्वारा रीजनल लोड डिस्पैच सेन्टर द्वारा यथा विनिर्दिष्ट प्रारूप में ऐसी सूचना, वास्तविक समय आधार पर तथा साथ ही सावधिक रूप से भी उपलब्ध करायी जाएगी।

(4) जांच मीटर भी मेन मीटर के विनिर्दिशनों के अनुरूप होंगे;

(5) मुक्त उपगम अनुबंध के अन्य पक्षकारों की उपस्थिति में मेन मीटर एवं जांच मीटरों की स्थापना, सावधिक जांच तथा मापन (कैलिबरेशन) के लिये एस0टी0यू0 उत्तरदायी होगा। मेन एवं जांच मीटर दोनों पक्षकारों द्वारा सील किये जाएंगे। दोषपूर्ण मीटर तत्काल बदले जाएंगे। उपर्युक्त का जिम्मा स्टेट ग्रिड कोड के सुसंगत उपबंधों के अनुसार लिया जाएगा।

(6) मेन मीटर एवं जांच मीटर की रीडिंग, वितरण लाइसेंसी के प्राधिकृत अधिकारी तथा उपभोक्ता या अनुबंध मे उसका यथा विनिर्दिष्ट प्रतिनिधि द्वारा, यदि उपस्थित हो, संयुक्त रूप से समय समय पर नियत दिनांक एवं घंटे पर ली जाएगी। ली गई मीटर रीडिंग को 12 घंटों के भीतर तत्काल ही यथास्थिति एस0एल0डी0सी0, उपभोक्ता, एस0टी0यू0, उत्पादक कंपनी / व्यवसायी को संसूचित किया जाएगा। मेन मीटर के दोषपूर्ण पाये जाने, रूक जाने या उसमें एस0टी0यू0 द्वारा यथा विनिश्चित प्रतिशत से परे रीडिंग अभिलेखन में भिन्नता पाये जाने पर जांच मीटर की रीडिंग पर विचार किया जाएगा।

परन्तु यह कि यदि मेन मीटर और जांच मीटर की रीडिंग का अन्तर अर्थात जांच मीटर की तुलना में मेन मीटर की रीडिंग, सुसंगत बी0आई0एस0 के अनुसर सुसंगत श्रेणी पर लागू त्रुटि के प्रतिशत से अधिक हो तो दोनों मीटरों का परीक्षण किया जाएगा और पाये गए दोषपूर्ण मीटर को तत्काल बदला जाएगा तथा दूसरे वाले मीटर की रीडिंग को ही विचारण हेतु ग्रहण किया जाएगा।

अग्रतर प्रतिबंध यह कि इस खंड के प्रयोजनार्थ वितरण लाइसेंसी, वितरण प्रणाली का प्रचालनकर्ता एवं अनुरक्षणकर्ता वह वितरण लाइसेंसी होगा जिससे कि उपभोक्ता का परिसर से सम्बद्ध है ;

(7) कोई मुक्त उपगम उपभोक्ता या (विद्युत) उत्पादन कंपनी या लाइसेंसी मेन मीटर और जांच मीटर उपलब्ध कराने के लिये वितरण लाइसेंसी से अनुरोध कर सकता है। ऐसे मामले में वे वितरण लाइसेंसी को प्रतिभूति उपलब्ध करायेंगे और उसका किराया अदा करेंगे तथा मेन मीटर और जांच मीटर का अनुरक्षण वितरण लाइसेंसी द्वारा किया जाएगा;

(8) मेन मीटर और चेक मीटरों में, स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर, वास्तविक समय के आधार पर या एस0टी0यू0 द्वारा यथा विनिर्दिष्ट अन्यथा रूप से अपनी रीडिंग संसूचित करने की सुविधा होगी।

परन्तु यह कि इन मीटरों में वे सभी तत्व होंगे जो उपलब्धता आधारित टेरिंफ (ए0बी0टी0) की अपेक्षा की संगति में हो।

(9) 'मीटर' मद में करंट ट्रांसफारमर, वोल्टेज / पोटेंशियल ट्रांसफारमर, उनके मध्य वाइरिंग (तार यंत्र) तथा मीटर / पैनल भी सम्मिलित है।

## 17. संसूचना सुविधाः–

(1) मुक्त उपगम ग्राहक, वास्तविक समय आधार पर मीटरों की रीडिंग संसूचित करने हेतु संसूचना चैनलों के लिये, यथास्थिति, निकटतम ग्रिड सब स्टेशन तथा स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर को संसूचना हेतु उपकरणों की व्यवस्था करेगा या उसकी लागत वहन करेगा।

(2) एस0एल0डी0सी0 के साथ निम्नलिखित के माध्यम से संसूचना की चौबीसों घंटे की सुविधा मुक्त उपगम ग्राहकों को होगीः–

(एक) एस0टी0डी0 सेवा के साथ टेलीफोन / मोबाइल, और
(दो) फैक्स एव ई–मेल का ट्रांसमिशन / प्राप्ति ; या
(तीन) जैसा स्टेट ट्रांसमिशन युटिलिटी द्वारा अन्यथा विनिर्दिष्ट किया जाय।

## 18. शिड्यूलिंग एवं सिस्टम ऑपरेशन चार्जेस (अनुसूचीकरण तथा प्रणाली प्रचालन प्रभार):–

(1) दीर्घ कालिक तथा अल्प कालिक मुक्त उपगम ग्राहकों द्वारा एस0एल0डी0सी0 को देय शिड्यूलिंग एवं सिस्टम आपरेशन प्रभार ऐसे होंगे जैसे आयोग द्वारा विनियम के माध्यम से अधिनियम की धारा–32 के अधीन अवधारित किये जायं ;

(2) ऊपर खंड (1) के अनुसरण में एस0एल0डी0सी0 को देय शिड्यूलिंग एवं सिस्टम आपरेशन प्रभार, एस0एल0डी0सी0 को दिये जाने हेतु आयोग द्वारा अनुमोदित फीस एवं प्रभारों के अतिरिक्त होंगे।

## 19. अनशिड्यूल्ड इन्टरचेंज प्राइसिंगः–

अनुसूचित तथा वास्तविक आहरण के बीच मिसमैच (तालमेल न बैठने) के लिये भुगतान, उपलब्धता आधारित टैरिफ (ए0बी0टी0) के अधीन यथा विनिर्दिष्ट प्राइसिंग मैकेनिज़्म (मूल्य निर्धारण क्रिया विधि) द्वारा शासित होगा।

20. <u>रियेक्टिव एनर्जी प्रभार</u>:–

मुक्त उपगम ग्राहकों के लिये रियेक्टिव एनर्जी प्रभारों के भुगतान की गणना क्रमशः रियेक्टिव चार्ज इनपुट तथा आहरण हेतु उत्पादकों एवं उपभोक्ताओं पर लागू योजना के अनुसार तथा आयोग द्वारा समय समय पर यथा अवधारित रूप से की जाएगी।

21. <u>ऊर्जा हानि</u>:–

ऊर्जा की हानि का अवधारण एस0एल0डी0सी0 द्वारा किया जाएगा और मुक्त उपगम ग्राहकों के वास्तविक ऊर्जा आहरण के अनुपात में प्रभाजित किया जाएगा;

22. <u>अन्य वाणिज्यिक शर्तें</u>:–

(क) पारेषण प्रभारों के प्रति भुगतान प्रतिभूति के रूप में, परस्पर सहमत संविदा मांग के आधार पर 3 महीनों की औसत बिलिंग के बराबर का निक्षेप स्टेट ट्रांसमिशन युटिलिटी के पास बनाये रखा जाएगा।

(ख) एस0एल0डी0सी0 प्रभारों के प्रति भुगतान की प्रतिभूति के रूप में, एल0एल0डी0सी विनियमावली के अनुसार, स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर के पास 3 माह के एस0एल0डी0सी0 प्रभारों के बराबर का एक निक्षेप बनाये रखा जाएगा ;

(ग) व्हीलिंग प्रभारों के प्रति भुगतान की प्रतिभूति के रूप में इन प्रभारों के औसत बिलिंग के 3 माह के बराबर का निक्षेप आपूर्ति के क्षेत्र के वितरण लाइसेंसी के पास रखा जाएगा।

तीन माह के कम अवधि हेतु मुक्त उपगम के लिये, पारेषण, व्हीलिंग, अधिभार, अतिरिक्त अधिभार तथा एस0एल0डी0सी0 प्रभारों की वास्तविक धनराशि के बराबर प्रतिभूति निक्षेप।

(घ) ऐसी प्रतिभूति नगद जमा, साख–पत्र आदि के रूप में हो सकती है।

(ड.) पारेषण य व्हीलिंग प्रभार तथा शिड्यूलिंग एव सिस्टम आपरेशन प्रभारों के लिये अन्य वाणिज्यिक शर्तें यथा, – भुगतान की शर्तें, क्रेडिट वर्दीनेस (साख योग्यता), क्षतिपूर्तिकरण तथा ..... की शर्तें मुक्त उपगम ग्राहकों के लिये एस0टी0यू0 द्वारा विनियमावली के प्रारम्भ से 60 दिनों के भीतर मानकीकृत (स्टैन्डर्डाइज) कर दी जाएगी।

(च) अल्प कालिक मुक्त उपगम के मामले में, भुगतान की प्रतिभूति एस0एल0डी0सी0 द्वारा धारण की जाएगी।

## 23. ग्रिड अनुशासन (ग्रिड डिसिपलिन) का अनुपालनः–

मुक्त उपगम ग्राहक द्वारा यथास्थिति, उपलब्धता आधारित टैरिफ (ए0बी0टी0), इंडियन इलेक्ट्रिकसिटी) ग्रिड कोड, स्टेट ग्रिड कोड के उपबंधों का तथा स्टेट ट्रांसमिशन युटिलिटी एवं स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर द्वारा दिये गयए अनुदेशों का, जैसा वे समय समय पर लागू हों ; अनुपालन किया जाएगा।

## 24. प्रभारों का संग्रहण तथा वितरणः–

एस0एल0डी0सी0 द्वारा तैयार किये गए ऊर्जा लेखा और आयोग द्वारा अवधारित प्रभारों के आधार पर ;

(1) मुक्त उपगम ग्राहकों के संबंध में पारेषण प्रभार एवं व्हीलिंग प्रभारों का भुगतान मुक्त उपगम ग्राहकों द्वारा अपने अपने लाइसेंसधारियों को सीधे किया जाएगा ;

(2) मुक्त उपगम ग्राहकों के संबंध में शिड्यूलिंग एवं सिस्टम आपरेशन प्रभारों का भुगतान सुसंगत विनियमों के उपबंधों के अनुसार स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर को किया जाएगा ;

(3) अनशिड्यूल इन्टरचेंज प्रभारों का भुगतान, उपलब्धता आधारित टैरिफ (ए0बी0टी0) के उपबंधों के अनुसार एस0एल0डी0सी0 द्वारा निर्देशित रीति में किया जाएगा ;

(4) अधिभार तथा अतिरिक्त अधिभारों का भुगतान मुक्त उपगम उपभोक्ता द्वारा सीधे उस वितरण लाइसेंसी को किया जाएगा जिसके आपूर्ति/प्रदाय के क्षेत्र में वह अवस्थित है।

## 25. मुक्त उपगम का चरणबद्ध किया जाना (फेसिंग)ः–

(1) अंतःराज्यीय पारेषण और / या वितरण प्रणाली को मुक्त उपगम की अनुमन्यता, अधिनियम में तथा इस विनियमावली के दी गई शर्तों के संतोषजनक अनुपालन के अधीन रहते हुए दी जायेगी ;

(2) प्रचालन संबंधी बाध्यताओं (प्रतिबंधों) तथा अन्य सुसंगत कारकों को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित चरणों में उपभोक्ताओं को मुक्त उपगम की अनुमति दी जाएगीः

| क्रम संख्या | चरण | उपभोक्ताओं की श्रेणी | समय जब से मुक्त उपगम अनुमन्य होगा |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम चरण | 20 मेगावाट एवं अधिक की मांग वाले उपभोक्ता तथा 33 कि0वा0 एवं अधिक के वोल्टेज स्तरों पर संयोजित | 1 जुलाई, 2005 |
| 2 | द्वितीय चरण | 10 मेगावाट एवं अधिक की मांग वाले उपभोक्ता तथा 33 कि0वा0 एवं अधिक के वोल्टेज स्तरों पर संयोजित | 1 अप्रैल, 2006 |
| 3 | तृतीय चरण | 5 मेगावाट एवं अधिक की मांग वाले उपभोक्ता तथा 11 कि0वा0 एवं अधिक के वोल्टेज स्तरों पर संयोजित | 1 अप्रैल, 2007 |
| 4 | चतुर्थ चरण | 1 मेगावाट एवं अधिक की मांग वाले उपभोक्ता | 1 अप्रैल, 2008 |

(3) प्रथम चरण में मुक्त उपगम के प्रचालन के अनुभव के आधार पर आयोग परवर्ती चरणों में मुक्त उपगम की अनुमति के लिये अनुसूची (शिड्यूल) को पुनरीक्षित (संशोधित) कर सकता है।

(4) आयोग 1 मेगावाट या उससे कम की आपूर्ति चाहने वाले उपभोक्ताओं को ऐसे समय पर, जैसा कि वह प्रचालनात्मक अवरोध की विवशता एवं अन्य कारकों को ध्यान में रखते हुए, उचित समझे, मुक्त उपगम हेतु अनुमति दे सकता है।

(5) कैप्टिव विद्युत उत्पादन, सह–उत्पादन या गैर परंपरागत ऊर्जा स्रोतों से विद्युत जनन संबंधी विनियमों या प्रथा निर्देशों द्वारा आच्छादित कोई व्यक्ति, इस विनियमावली के साथ पठित सुसंगत विनियमों / प्रथा निर्देशों के अनुसार मुक्त उपगम प्राप्त करने के लिये पात्र होगा।

## 26. संक्षेपण प्राथमिकताः–

व्यवरोध विवशता या अन्यथा कारण से जब ग्रिड कोड की अपेक्षाओं के अधीन रहते हुए, ग्रहक की मुक्त उपगम सेवा में संक्षेपण (कांट–छांट) किया जाना आवश्यक हो जाय तो अल्प कालिक अंतःराज्यीय ग्राहकों का संक्षेपण पहले तथा बाद में दीर्घ कालिक अतः राज्यीय ग्राहकों का संक्षेपण किया जाएगा। वितरण लाइसेंसी तथा विद्युत उत्पादन कंपनियों का मुक्त उपगम सेवा का संक्षेपण सबसे बाद में किया जाएगा । एस0एल0डी0सी0 द्वारा अंतःराज्यीय मुक्त उपगम ग्राहकों के संक्षेपण के लिये दिशा निर्देश तैयार किये जाएंगे।

परन्तु यह कि किसी एक श्रेणी के अंतर्गत मुक्त उपगम ग्राहकों की संक्षेपण प्राथमिकता समान रहेगी और उनका संक्षेण यथा अनुपाततः आधार पर किया जाएगा।

27. **सूचना प्रणाली**:–

स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर द्वारा अपने वेबसाइट पर एक पृथक वेब पृष्ठ पर ''मुक्त उपगम सूचना'' शीर्षक के अधीन निम्नलिखित सूचना प्रकाशित की जाएगी तथा ऐसी सूचना देते हुए एक मासिक रिपोर्ट तथा वार्षिक रिपोर्ट भी जारी की जाएगी।

(1) निम्नलिखित का उल्लेख करते हुए दीर्घकालिक ग्राहकों पर एक प्रास्थिति प्रतिवेदन (स्टेटस रिपोर्ट) –

(क) ग्राहक का नाम ;
(ख) प्रदत्त उपगम की अवधि (प्रारंभ दिनांक तथा समापन दिनांक)
(ग) इंजेक्शन का बिन्दु
(घ) आहरण के बिन्दु
(ड.) प्रयोग की गई पारेषण की प्रणाली / वितरण प्रणाली ;
(च) प्रयोग की गई मुक्त उपगम क्षमता

(2) निम्नलिखित का उल्लेख करते हुए चालू / वर्तमान अल्पकालिक ग्राहकों पर प्रास्थिति प्रतिवेदन (स्टेटस रिपोर्ट) :–

(क) ग्राहक का नाम ;
(ख) प्रदत्त उपगम की अवधि (प्रारंभ दिनांक तथा समापन दिनांक)
(ग) इंजेक्शन का बिन्दु
(घ) आहरण के बिन्दु
(ड.) प्रयोग की गई पारेषण की प्रणाली / वितरण प्रणाली ;
(च) प्रयोग की गई मुक्त उपगम क्षमता

(3) इ0एच0सी0 (अति उच्च वोल्टेज) सब स्टेशनों से निर्गमित सभी ई0एच0 की लाइनों तथा एच0वी0 लाइनों पर उपलब्ध क्षमता और पीक लोड फ्लो (शीर्ष भार संवहन)।

(4) पारेषण एवं वितरण प्रणाली में होने वाली औसत हानि, जैसा संबंधित लाइसेंसी द्वारा अवधारित किया जाय, के संबंध में सूचना।

28. **निवारण क्रिया विधि**:–

(1) मुक्त उपगम से संबंधित सभी विवाद एवं शिकायतें एस0एल0डी0सी0 को की जाएंगी, जो कि उसकी जांच करेगा और 30 दिनों के भीतर व्यथा का समाधान करने का सश्रम प्रयास करेगा ; और

(2) जहां ऊपर विनिर्दिष्ट समयावधि में एस0एल0डी0सी0, व्यथा का निवारण करने में असमर्थ हो जाता है, तो उसे आयोग को संदर्भित कर दिया जाएगा।

29. **कठिनाइयां दूर करने की शक्तिः–**

यदि इस विनियमावली के किन्हीं उपबंधों के प्रवर्तन में काई कठिनाई उत्पन्न होती है, तो आयोग सामान्य या विशेष आदेश द्वारा, स्टेट ट्रांसमिशन यूटिलिटी, स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर, लाइसेंसधारियों तथा मुक्त उपगम ग्राहकों को ऐसी कार्यवाही करने का निर्देश दे सकती है, जो कठिनाइयां दूर करने के प्रयोजनार्थ आयोग को आवश्यक और समीचीन प्रतीत हों।

30. इस विनियमावली का मूल संस्करण अंग्रेजी में है जिसका हिन्दी अनुवाद किया गया है। विवाद की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

आयोग के आदेश से,

**संगीता वर्मा**
सचिव,
उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग

## UTTAR PRADESH ELECTRICITY REGULATORY COMMISSION

**NOTIFICATION No.: UPERC/Secy/Regulation/05-249**

Dated, Lucknow, 7 June, 2005

In exercise of powers conferred by Section 181 of the Electricity Act, 2003 and all other provisions enabling in this behalf and after previous publication, the Uttar Pradesh Electricity Regulatory Commission hereby makes the following regulations, namely: -

**1. Short Title and Commencement**

(i) These regulations shall be called the Uttar Pradesh Electricity Regulatory Commission (Terms and Conditions for Open Access) Regulations, 2004;

(ii) These regulations shall come into force on the date of their publication in official gazette.

**2. Definitions**

In these regulations, unless the context otherwise requires –

a) "Act" means the Electricity Act, 2003 (36 of 2003);

b) "Commission" means the Uttar Pradesh Electricity Regulatory Commission;

c) “Open access” means the non-discriminatory provision for the use of transmission lines or distribution system or associated facilities with such lines or system by any licensee or consumer or a person engaged in generation in accordance with the provisions of the Act and regulations specified in this regulation.

d) “Nodal agency” means a Nodal Agency, specified in this regulation, for arranging non-discriminatory open access to transmission or distribution system;

The Nodal Agency for long-term and short-term open access (in transmission or distribution system or both), shall be the State

Transmission Utility (STU) and the State Load Dispatch Centre (SLDC) respectively.

e) "Open Access Customer" means a person using or intending to use the transmission system and/ or the distribution system of the licensees in the state for transmission or wheeling of electricity in the State;

f) "State" means the State of Uttar Pradesh;

g) Words and expressions occurring in these Regulations and not defined herein above shall bear the meaning assigned to them in the Act.

**3. Extent of Application**

These regulations shall apply to open access for use of intra-state transmission system and / or the distribution systems of licensees in the State, including, when such system is used in conjunction with inter-state transmission system.

**4. Criteria for allowing open access**

The Criteria for allowing open access shall be the availability of surplus capacity in the system to be determined by the Nodal Agency as below:

(i) Long term open access shall be allowed in accordance with planning criteria stipulated in the Grid Code for transmission system or distribution system or both;

